प्रेस विज्ञप्ति

जनपद बस्ती

दिनांक 05.02.2025

थाना हरैया, स्वाट टीम व सर्विलांस टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में अधिवक्ता चन्द्रशेखर यादव हत्याकाण्ड के 02 हत्याभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार-

थाना हर्रैया पुलिस, स्वाट टीम एवं सर्विलांस टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में जनपद के अधिवक्ता चन्द्रशेखर हत्याकाण्ड के फरार अभियुक्तगण 1. संदीप यादव उर्फ मोनू पुत्र जगदीश व 2. अनुराग यादव उर्फ राघवेन्द्र यादव पुत्र समयदीन निवासीगण खम्हरिया गंगाराम थाना हर्रैया जनपद बस्ती को मुखबीरी सूचना के आधार पर दिनांक 05.02.2025 को रात्रि 02.30 बजे थान्हा खास मौजा अन्तर्गत एकडंगी मोड़ से उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब वह अपने परिजनों से मिलने घर जाने की फिराक में थे। दोनो अभियुक्तों के कब्जे से अपहरण व हत्या में प्रयुक्त स्कार्पियों वाहन संख्या UP 32 PR 1404 व डण्डे आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 25.01.2025 को समय रात्रि 08 बजे अभियुक्तों नें सहयुक्त होकर अधिवक्ता चन्द्रशेखर यादव का थाना हरैया के बेलवार रोड से अपहरण करके थाना वाल्टरगंज क्षेत्र में हत्या कर दिया था, जिसके सम्बन्ध में थाना हर्रैया पर मु0अ0सं0 20/2025 धारा 191(2)/ 191(3)/ 190/ 140(1)/ 103(1)/ 126(2)/ 351(3) BNS का पंजीकरण किया गया था। जिसमें 02 अभियुक्तों को पूर्व में थाना हरैया द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि चन्द्रशेखर हमारे पूरे परिवार पर मुकदमें पर मुकदमें थोपते जा रहे थे और हम लोग आजीज आ चुके थे, जिसके कारण हम लोगों नें उनका अपहरण कर उनके ऊपर स्कार्पियों चढ़ाकर हत्या कर दिया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायलय भेजा जा रहा है। उक्त घटना में शेष अभियुक्त आदित्य कुमार यादव की भी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. संदीप यादव उर्फ मोनू पुत्र जगदीश यादव निवासी ग्राम खम्हरिया गंगाराम थाना हर्रैया बस्ती उम्र करीब 27 वर्ष |
2. अनुराग यादव उर्फ राघवेन्द्र पुत्र समयदीन निवासी ग्राम खम्हरिया गंगाराम थाना हर्रैया बस्ती उम्र करीब 22 वर्ष |

बरामदगी का विवरण-

1. दो अदद डण्डा (आला कत्ल) |
2. घटना में प्रयुक्त वाहन सं0 UP 32 PR 1404 स्कार्पियों (काले रंग की) |

वांछित अभियुक्तः-

1. आदित्य कुमार यादव पुत्र रामजीत यादव निवासी ग्राम किशुनपुर मोजा थान्हा खास हर्रैया जनपद बस्ती

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 हरैया तहसीलदार सिंह, जनपद बस्ती।
2. प्रभारी स्वाट टीम उपनिरीक्षक संतोष कुमार, जनपद बस्ती।
3. प्रभारी सर्विलांस सेल उपनिरीक्षक शशिकान्त, जनपद बस्ती।
4. उ0नि0 रुदल बहादुर सिंह थाना हर्रैया जनपद बस्ती।
5. का0 योगेश यादव, का0 पवन यादव, का0 विश्वजीत विश्वकर्मा थाना हर्रैया, जनपद बस्ती।
6. हे0का0 रमेश कुमार, हे0का0 पवन तिवारी का0 सुभेन्द्र तिवारी, का0 किशन सिंह, का0 अभिलाष प्रताप सिंह (स्वाट टीम) जनपद बस्ती।
7. हे0का0 सत्येन्द्र, हे0का0 देवेश यादव, का0 संतोष कुमार (सर्विलांस टीम) जनपद बस्ती।